**विधान परिषद् के द्वितीय सत्र, 2023 के प्रथम गुरूवार हेतु निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-25 का उत्तर -**

---

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|
| 25(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि उ0प्र0 में श्रमिकों के निःशुल्क इलाज हेतु गोल्डन कार्ड बनायें जाते है? | जी हाँ।<br>श्रम विभाग, उ0प्र0 के "भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड" द्वारा उपलब्ध कराये गये 11.65 लाख पंजीकृत श्रमिक परिवारों का डाटा, जिसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है, को मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के अन्तर्गत आच्छादित करते हुये उन्हें आयुष्मान कार्ड (गोल्डेन कार्ड) बनाये जाने का प्राविधान है। उक्त योजना उ0प्र0 के "भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड" श्रम विभाग द्वारा वित्त पोषित है। |
| (ख) यदि हाँ, तो दिनांक-31 मार्च, 2023 से 30 अप्रैल, 2023 के बीच कितने गोल्डन कार्ड बनाये गये है एवं अब तक कितने गोल्डन कार्ड धारक व्यक्ति है? | प्रदेश में दिनांक 31 मार्च, 2023 से 30 अप्रैल, 2023 तक 3823 पंजीकृत श्रमिकों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके है एवं 11,72,450 आयुष्मान कार्ड धारक व्यक्ति है। |
| (ग) क्या सभी श्रमिकों के गोल्डन कार्ड बनवायेंगे? | श्रम विभाग उ0प्र0 के "भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड" द्वारा उपलब्ध कराये गये 11.65 लाख पंजीकृत श्रमिक परिवारों का डाटा, जिसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है, को "मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान" के अन्तर्गत आच्छादित करते हुये आयुष्मान कार्ड (गोल्डेन कार्ड) बनाये जा रहे है। |
| (घ) यदि हाँ, तो कब तक? | अवशेष लाभार्थियों को शीघ्र से शीघ्र आयुष्मान कार्ड प्राप्त हो सके, इस हेतु सरकार द्वारा निरन्तर विशेष अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने की कार्यवाही की जा रही है। |
| (ड.) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

**ब्रजेश पाठक**
**उप मुख्यमंत्री।**